महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAAC A++ Accredited; ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांक: एम.जे.पी.रू.वि. / कु.स.का. / 2026 / 157 | दिनांक: 29.06.2026

अति–आवश्यक / अनुस्मारक

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषय: राष्ट्रीय शिक्षा नीति (**NEP**) के मानकों को लागू किये जाने विषयक **UP-PRAMAN** पोर्टल पर महाविद्यालयों द्वारा मासिक रूप से 43 मुख्य संकेतकों की मासिक प्रगति प्रत्येक माह की 05 तारीख तक अनिवार्य रूप से प्रविष्ट किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्रांक संख्या–337 / सत्तर–3–2026–1959339 दिनांक 01 अप्रैल, 2026 एवं विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में निर्गत पत्रों का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में पुनः स्मरण कराया जाता है कि शासन के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों द्वारा UP-PRAMAN पोर्टल पर संस्थागत मूल्यांकन, अनुश्रवण एवं रैंकिंग से सम्बन्धित समस्त अपेक्षित सूचनाएं एवं अभिलेख निर्धारित प्रारूप में अद्यतन किया जाना अनिवार्य है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित सभी 43 मुख्य संकेतकों की प्रगति का सत्यापन कर UP-PRAMAN पोर्टल पर नियमित रूप से मासिक आधार पर प्रविष्टि सुनिश्चित करने का कष्ट करें। कृपया इस कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण एवं शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें। किसी भी प्रकार की थिशिलता अथवा विलंब के लिए संबंधित महाविद्यालय स्वंय उत्तरदायी होगा।

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि उक्त कार्य को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए **UP-PRAMAN** पोर्टल पर निर्धारित सूचनाओं की प्रविष्टि दिनांक 05.07.2026 तक सुनिश्चित कर कृत कार्यवाही की आख्या ई–मेल **uppraman@mjpru.ac.in** पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट ससमय शासन को प्रेषित की जा सके।

भवदीय,

कुलसचिव
29/6/26

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. नोडल अधिकारी, UP-PRAMAN ।
2. सहायक नोडल अधिकारी, UP-PRAMAN ।
3. निजी सचिव–कुलपति।
4. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
5. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव।

कुलसचिव